स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 19.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ रेलवे स्टेशन के बंद शौचालय को रेलवे के मण्डल प्रबंधक से बात कर महापौर ने खुलवाया एवं नवनिर्मित शौचालय को शीघ्र प्रारम्भ करने स्टेशन मास्टर से कहें। स्टेशन के आसपास खुले में शौच न हो इसलिए उन्होने मोबाईल टॉयलेट रखने हेतु जोन आयुक्त डी.के. वर्मा को निर्देश दिये। महापौर ने सेक्टर–07 मार्केट के व्यापारियों के मांग पर महापौर निधि से 1 लाख रुपये खर्च कर सार्वजनिक शौचालय को संधारित करने की घोषणा की है।

भिलाई के गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर देवेन्द्र यादव मंगलवार को प्रातः 10 बजे सेक्टर–07 पूर्व एवं पश्चिम वार्ड 65 पहुंचे थे महापौर परिषद के सदस्य, वार्ड पार्षद लक्ष्मीपति राजू एवं पार्षद श्रीमती ललिता रेड्डी व वार्ड के नागरिकों ने महापौर का स्वागत किया और वार्ड में व्याप्त समरूाओं के संदर्भ में चर्चा की। नागरिकों ने वार्ड के श्रमिक बस्ती, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के आसपास प्रकाश, पानी, एवं सफाई के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यहॉ का बोरिंग बंद पड़ा हुआ है, एक बोरिंग चालू है जिसमें पम्प डालने की आवश्यकता है। महापौर अपने भ्रमण के दौरान भिलाई नगर स्टेशन पहुंचकर वहॉ बनें शौचालय एवं प्रसाधन कक्ष की जांच की तो स्टेशन में बनाये गये प्रसाधन में ताला लगा हुआ था जिसपर उन्होने मण्डल रेलवे प्रबंधक से दुरभाष से चर्चा कर उसे खुलवाने को कहा साथ ही स्टेशन के समीप बने नये शौचालय को चालू करने की भी मांग रखी। स्टेशन के आसपास रहने वाले नागरिकों से महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा कि बस्ती की सड़कों का संधारण वार्ड के दोनों पार्षद लक्ष्मीपति राजू और ललिता रेड्डी अपनी पार्षद निधि से करवायेंगे इसके बाद भी राशि कम पड़ती है तो प्रस्ताव बनाकर शासन से राशि की मांग की जायेगी। निगम क्षेत्र के अमृत मिशन योजना के तहत् चल रहे कार्यों के अंतर्गत बस्ती में पेयजल आपूर्ति हेतु प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। उन्होने जोन आयुक्त डी.के. वर्मा को बस्ती में स्ट्रीट लाईट लगाने तथा बस्ती के घरों का सर्वे करवाकर उज्जवला गैस योजना के तहत् लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये स्टेशन के आसपास घनी वृक्षारोपण में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न करें इसके लिए उन्होने जोन आयुक्त को मोबाईल टॉयलेट स्थापित करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक यशवंत चतुर्वेदी को महापौर ने बस्ती के आसपास गैंग लगाकर विशेष सफाई अभियान चलाकर चुना एवं ब्लिचिंग छिड़काव कराने के निर्देश दिये। श्री यादव ने बस्ती से सटे खटाल के संचालकों से कहा कि गोबर आदि की गंदगी एवं दुर्गंध न फैले इसका समुचित व्यवस्था करें और उन्होने जोन आयुक्त को खटालों के विरुद्ध निगम द्वारा चलाये जा रहे कार्यवाही करने को कहा।

भ्रमण में महापौर के साथ स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, पार्षद ललिता रेड्डी, जोन आयुक्त डी.के. वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, स्वच्छता निरीक्षक यशवंत चतुर्वेदी, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामायण सिंह, वार्डवासी शान्ति बाई, सीमा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग